भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 96*
05 दिसम्बर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

'द्रव्य' पोर्टल का एकीकरण

*96. श्री अनिल फिरोजियाः
श्रीमती लवली आनंदः:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार शुरू किए गए आयुष के बहुमुखी मानदंड के लिए डिजिटाइज्ड पुनर्प्राप्ति अनुप्रयोग (द्रव्य) पोर्टल के उद्देश्य और मुख्य विशेषताएं क्या हैं;

(ख) इस पोर्टल के प्रथम चरण के अंतर्गत विशेषकर जम्मू और कश्मीर, गुजरात के वलसाड, राजस्थान तथा ओडिशा के कंधमाल जिले सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने आयुष औषधीय तत्वों को सूचीबद्ध किया गया है और उनके चयन के लिए क्या मानदंड अपनाए गए हैं;

(ग) क्या प्रामाणिक आयुष जानकारी के मानकीकरण और सुलभता को बढ़ावा देने और गुजरात के दाहोद तथा ओडिशा के जनजाति बहुल क्षेत्र के पारंपरिक औषधीय ज्ञान को प्रदर्शित करने के लिए 'द्रव्य' पोर्टल को सरकार की अन्य डिजिटल पहलों के साथ एकीकृत करने हेतु डिज़ाइन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) अनुसंधान सहयोग, जनजातीय औषधीय पद्धतियों के प्रलेखन और भारत की पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान पद्धतियों की वैश्विक दृश्यता को सुदृढ़ करने के संबंध में इस पहल के अंतर्गत अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं अथवा अपेक्षित हैं?

<u>उत्तर</u>
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ड.): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

लोक सभा में 05 दिसम्बर, 2025 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 96* के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) ने डिजिटाइज़्ड रिट्रीवल एप्लिकेशन फॉर वर्सटाइल यार्डस्टिक ऑफ आयुष सब्स्टेंसेस (द्रव्य) पोर्टल विकसित किया है, जिसका उद्देश्य प्राचीन स्रोतों से व्यापक सूचना एकत्र करके और मानक ऑनलाइन रिसर्च डेटाबेस के साथ जोड़कर, आयुष द्रव्यों का एक पूर्ण और पुनः उपयोग होने वाला डेटाबेस बनाना है, जिसमें आहार (खाना) और औषधि (दवा) दोनों शामिल हैं। पोर्टल में एक यूज़र-फ्रेंडली इंटरफ़ेस है जिसमें एक समर्पित सर्च बॉक्स है जो आयुष द्रव्यों तक आसान पहुंच के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

द्रव्य पोर्टल का मुख्य उद्देश्य औषधि उत्पादों पर सत्यापित सूचना प्रदान करना है, जिसमें आयुर्वेद विवरण, पादपशास्त्र, रसायनशास्त्र, फार्मेसी और फार्माकोलॉजी जैसे अलग-अलग डोमेन शामिल हैं। पोर्टल का शुभारंभ 10 वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर दिनांक 23 सितंबर, 2025 को किया गया।

(ख): आज तक, आयुर्वेद में उनके उपयोग के आधार पर चुने गए लगभग 378 औषधीय पादपों पर आयुर्वेद से संबंधित प्रारंभिक जानकारी पहचाने गए आधिकारिक प्राचीन ग्रंथों से एकत्र की गई है और पोर्टल पर अपलोड की गई है। हालांकि, यह सूचीकरण पौधों के भौगोलिक वितरण के आधार पर तैयार नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): द्रव्य पोर्टल को आयुष मंत्रालय की डिजिटल पहलों के साथ जोड़ने के लिए तैयार किया गया है और यह आयुर्वेद विवरण, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, फार्मेसी और फार्माकोलॉजी जैसे विभिन्न डोमेन को कवर करते हुए सत्यापित जानकारी प्रदान करता है, जिसे पहचाने गए आधिकारिक प्राचीन ग्रंथों और सत्यापित ऑनलाइन स्रोतों से संकलित किया गया है। हालांकि, यह सूचीकरण पौधों के भौगोलिक वितरण के आधार पर तैयार नहीं किया गया है।

(ङ): यह पोर्टल अनुसंधाकर्ताओं, छात्रों, विद्वानों के लाभ के लिए आयुर्वेद से जुड़ी औषधीय पादपों की सत्यापित और प्रामाणित सूचना प्रदान कर रहा है और औषधीय पादपों पर भारत के पारंपरिक ज्ञान की दृश्यता में भी सुधार करता है।

*****